

### एक नजर में

## उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर में तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम शुरू



**मंदसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय में आईसीएआर विकास अनुदान के अंतर्गत अनुसूचित जाति उपयोजना (एससी-एसपी) के तहत तीन दिवसीय अनुसूचित जाति लाभार्थी व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का समग्र विकास करना है। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. कुषाल राउत, निदेशक, कम्युनिकेयर, पुणे रहे। उन्होंने अपने प्रेरक एवं व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच, प्रभावी संवाद कौशल, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, टीम वर्क तथा साक्षात्कार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान समूह चर्चा, प्रस्तुतीकरण एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। इस कार्यक्रम के पीछे महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानाडे की प्रेरणादायी भूमिका रही, जिन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में डॉ. रूपेश चतुर्वेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जनपद शिक्षा केंद्र मल्हारगढ़ में लगाया उपकरण वितरण शिविर




**मल्हारगढ़।** आज जनपद शिक्षा केंद्र मल्हारगढ़ परिसर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों से आए दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, वॉकर एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, मल्हारगढ़ मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, मंडल महामंत्री समर्थ गेहलोत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश कच्छावा, जिला परियोजना समन्वयक डांगी, डाइट प्राचार्य राठौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.एल. चौहान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिशिर विजयवर्गीय, बीएसी नरेन्द्र चौधरी, एमआरसी अवधेश आर्य, प्राची अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दशरथ शर्मा भाईजी ने किया। शिविर के दौरान तीन बच्चों को ट्राई साइकिल, पांच बड़ी व्हीलचेयर, पांच छोटी व्हीलचेयर, एक ब्रेल किट, 28 प्राइमरी किट, 4 सेकेंडरी किट, दो बैसाखी, दो रोलर, एक सी.पी. चेयर तथा चार बच्चों को कैलीपर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक विशेष आवश्यकता वाले बच्चे को शिक्षा से जोड़ते हुए उसे आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

# कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को दी आपातकालीन टेनिंग



**मंदसौर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के तहत नियुक्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए आपातकालीन देखभाल एवं सर्वाइकल कैंसर पर आधारित स्क्रीनिंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया जिसके नोडल अधिकारी विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कांत गुलेरी रहे। प्रशिक्षण में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के साथ-साथ मेडिसिन विभाग, शिशु रोग विभाग, निश्चेतना विभाग, प्रसूति रोग और अस्थि रोग विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर संजय रावत, डॉक्टर प्रिया बघेल, डॉ आकाश जमरा एवं डा संगीता दुर्वे द्वारा मेडिकल इमरजेंसी ड्रामा नियोनातल इमरजेंसी सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग फर्स्ट एड कार्डियोपलमोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) विषय पर विस्तृत जानकारी एवं महाविद्यालय की सुसज्जित इसकी लाइफ में मैनिक्विंस पर डेमोंसट्रेशन दिखाया गया। प्रशिक्षण के आयोजन में अधिष्ठाता डॉक्टर शशि गांधी का सतत मार्गदर्शन रहा, प्रशिक्षण के दौरान तीनों दिवस पर अधिष्ठाता स्वयं विभिन्न एकेडमिक सत्रों पर स्वयं उपस्थित रही एवं प्रतिभागी कंटी हेल्थ ऑफिसर से प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर चर्चा किया। आज प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रतियोगियों को महाविद्यालय से संबंध इंदिरा गांधी चिकित्सालय में वा स्क्रीनिंग का लाइव डेमोंसट्रेशन दिया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में अधिष्ठाता डॉक्टर शशी गांधी एवं मंदसौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जीएस चौहान, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर बी एल रावत एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल से ऑब्जर्वर डॉक्टर विशाल जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति रही। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में मंदसौर, रतलाम, नीमच एवं शाजापुर जिले के 34 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान अधिष्ठाता डॉक्टर शशी गांधी ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त नॉलेज एवं स्किल का अपने कार्य स्थल पर उचित उपयोग करने एवं जन सेवा करने हेतु प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी एस चौहान जी ने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे इस प्रशिक्षण की सराहना की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल से पधारे अब्जॉर्बर ने प्रशिक्षण की समस्त गतिविधियों के समयबद्ध आयोजन एवं उत्कृष्ट प्रबंधन हिट महाविद्यालय की आयोजन समिति को बधाई दिया एवं आगामी बैच के प्रशिक्षण जल्द कराने हेतु अधिष्ठाता महोदय से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं प्रशिक्षण संबंधी उनका फीडबैक नोट किया गया।



## कार का शीशा तोड़ 10 लाख की चोरी का खुलासा 15 घंटे में अंतर्राज्यीय गिरोह के लोग गिरफ्तार

**मंदसौर। थाना वायडी नगर पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर 10 लाख रुपये चोरी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का मात्र 15 घंटे में खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी की गई पूरी राशि और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।**

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी को फरियादी तुलसीराम धनोतिया निवासी बोलखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने ढ्ढष्ठस्नष्ट और ।ष्ठस्नष्ट बैंक से 18 लाख रुपये निकाले थे, जिनमें से 10 लाख रुपये अज्ञात बदमाश उनके घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरी कर ले गए। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में गठित टीम ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर राजस्थान पुलिस के सहयोग से चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी क्षेत्र से आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने करीब 300 किलोमीटर पीछा कर आरोपियों को दबोचा।

गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना सुनिल उर्फ बाबू उर्फ बालू (32) और विष्णु उर्फ भरत (21) निवासी शिवमोगा, कर्नाटक शामिल हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे पहले मोटरसाइकिल चोरी कर फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे और बैंक से नकदी निकालने वाले लोगों की रेकी कर मौका पाकर वारदात को अंजाम देते थे।



## अभा अंतर विश्वविद्यालयीन क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए ज्योति, नीमा और रविना चयनित

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय मन्दसौर की छात्रा कु. ज्योति कुमावत और प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर की छात्रा कु. नीमा सूर्यवंशी और कु. रविना कंवर का चयन 27 फरवरी 2026 को मैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन (राष्ट्रीय) क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

जानकारी देते हुए एन.आई.एस. जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया ज्योति, नीमा और रविना का चयन 20 जनवरी 2026 शुजालपुर में आयोजित विक्रम विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लेते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ हैं, ज्योति, नीमा और रविना तीनों बालिकाएं खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर की एथलेटिक्स अकादमी की नियमित खिलाडी है, 27 फरवरी को उक्त प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने तीनों एथलीट मैंगलोर पहुंच चुकी हैं, इनकी इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ा, प्राचार्य प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय डॉ. जे. एस. दुबे ने बधाई दी।

**एक नजर** | **फूलों और गुलाल की होली में सराबोर हुई महिलाएं**

# भक्ति और उत्साह के साथ मनाया फाग उत्सव

**मंदसौर।** जांगीड़ ब्राह्मण महिला मण्डल नयापुरा पंचायत के तत्वावधान में नयापुरा स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर फाल्गुनी रंगों और भक्तिमय भजनों से सराबोर नजर आया। समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भगवान चारभुजानाथ के साथ गुलाल और पुष्पों की होली खेली।



कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात भजन मण्डली द्वारा एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। जैसे-जैसे भजनों की लय बढ़ी, उपस्थित महिलाएँ खुद को रोक नहीं पाईं और ढोल की थाप पर भावपूर्ण नृत्य करते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की। फाग उत्सव के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फूलों की वर्षा कर उत्सव का आनंद दोगुना कर दिया।

महिला मण्डल अध्यक्ष कृष्णा भावरेल ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकजुटता और आपसी प्रेम की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने बताया कि इस फाग उत्सव में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भक्तिभाव के साथ उत्सव को गरिमा प्रदान की।

इस गरिमामय आयोजन के दौरान उपाध्यक्ष रागिनी बड़ेलवा, कांता राजोरा, सचिव कला मारीवार एवं कोषाध्यक्ष रत्ना कुनैच विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारिणी सदस्य हिना बड़ैलवा, अक्षिता भावरेल, अरूणा भावरेल, इंदु बड़ेलवा, रेशमा शर्मा, सुमन जांगिड़, संतोष शर्मा, आशा गाजवा, आशा भावरेल, चंदा किंजा, शमिष्ठा भावरेल, शकुंतला शर्मा, निर्मला शर्मा एवं पायल शर्मा सहित समाज की अनेक महिलाओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# नीमच

### एक नजर में

## शहर के मंडी व्यापारी ने बढ़ाया नीमच का मान सीएम के हाथों मिला बेस्ट सप्लायर का अवार्ड




**नीमच।** अंचल के जाने-माने समाजसेवी और प्रसिद्ध मंडी व्यापारी गोपाल गर्ग उर्फ जीजी की फर्म गिरधारी लाल गोवर्धन लाल गर्ग ने नीमच जिले का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। गोपाल जी जी के सुपुत्र दीपांशु गर्ग व जयेश गर्ग को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बेस्ट सप्लायर अवार्ड से सम्मानित किया है। दरअसल बीते दिनों इंदौर में काबुली चना ट्रेड एसोसिएशन की महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस 22 फरवरी को आयोजित हुई, अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस कांफ्रेंस में कई प्रमुख व्यापारियों ने भाग लिया, नीमच से गोपाल जीजी के सुपुत्र दीपांशु गर्ग व जयेश गर्ग ने बैठक में भाग लिया, अपनी शानदार स्पीच, एक्सपर्ट राय और एक्सपोर्ट क्वालिटी को लेकर कमेटी ने दीपांशु गर्ग और जयेश गर्ग को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी और विधायक गोलू शुक्ला के हाथों सम्मानित किया। यह अवार्ड गुणवत्ता, निर्यात क्षमता, विश्वसनीयता, आपूर्ति की क्षमता के आधार पर दिया गया। स्वयं मुख्यमंत्री ने युवा व्यापारी दीपांशु गर्ग और जयेश गर्ग से उत्पादन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। नीमच का काबुली चना देश-विदेश में गुणवत्ता आकर और बेहतरीन फसल के लिए जाना जाता है ऐसे में नीमच के व्यापारियों का इतने बड़े मंच पर सम्मानित होना नीमच जिले के लिए गौरव का विषय है।

## वनमंडल के खिलाफ जयस का हंगामा, निर्दोष आदिवासी को फंसाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी



**नीमच।** जयस द्वारा वनमंडल अधिकारी कार्यालय के सामने शुरू किया गया धरना लगातार जारी है। संगठन ने आरोप लगाया है कि ग्राम तरौली, तहसील सिंगोली निवासी हेमराज भील को वन अपराध प्रकरण में बिना विधिसम्मत प्रक्रिया और ठोस जांच के आरोपी बनाया गया। जयस पदाधिकारी कहते हैं कि मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई और निर्दोष व्यक्ति को जल्दबाजी में आरोपित किया गया। धरना स्थल पर वनमंडल अधिकारी एस.के. अटोदे और एसडीओ दशरथ अखंड पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर समस्याओं का लिखित ज्ञापन देने को कहा। जयस ने कहा कि उनका ज्ञापन पहले ही जिलाधीश को सौंपा जा चुका है, इसलिए पुन: आवेदन की आवश्यकता नहीं है। स्थिति तनावपूर्ण बनी रही, हालांकि दोनों पक्षों के बीच चर्चा हुई, लेकिन फिलहाल कोई ठोस समाधान नहीं निकला। जयस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# अमर शहीदों के सम्मान में 47 हजार किमी की साइकिल यात्रा

▶ **नीमच पहुंचा जज्बे का सैलाब, युवाओं के लिए प्रेरणा बना अभिषेक**

**नीमच। देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा उनके परिवारों को सम्मान और आर्थिक सहयोग दिलाने के उद्देश्य से निकली विश्व की सबसे लंबी साइकिल यात्रा बुधवार को नीमच पहुँची। लगभग 47 हजार किलोमीटर लंबी यह राष्ट्र समर्पित यात्रा 900 दिनों में देश के अधिकांश राज्यों से होकर गुजरेगी और 7 जून 2027 को उत्तर प्रदेश के देवरिया में संपन्न होगी।**



देवरिया से प्रारंभ हुई इस महायात्रा को युवा साइकिलिस्ट अभिषेक द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद वे बिना किसी निजी आर्थिक सहायता के यह संकल्प यात्रा कर रहे हैं। अभिषेक ने बताया कि यह अभियान शहीदों के प्रति कृतज्ञता और उनके परिवारों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

इस यात्रा के माध्यम से शहीद एवं सेवानिवृत्त सैनिक परिवारों से जुड़े छह प्रमुख मुद्दों को उजागर किया जा रहा है। इनमें शहीद सैनिकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों और सैन्य कर्मियों को 'सम्मान कार्ड' प्रदान करने की मांग प्रमुख है।

इसके अलावा, 'शहीद सैनिक सम्मान' पहल के तहत कक्षा 12वीं में 85 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले शहीदों के बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा सहायता देने का प्रस्ताव रखा गया है।

वहीं 'शहीद बल सम्मान योजना' के अंतर्गत शहीद सैनिकों की बेटियों के विवाह हेतु राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 20 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की मांग भी शामिल है।

नीमच आगमन पर स्थानीय नागरिकों एवं संगठनों द्वारा अभिषेक का स्वागत कर इस प्रेरणादायी पहल को समर्थन दिया गया। उन्होंने देशवासियों से इस जनअभियान से जुड़ने और शहीद परिवारों के सहयोग में सहभागी बनने की अपील की।

# इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड ने मनाया पारंपरिक फाग महोत्सव

**नीमच। इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन शहर के प्राचीन किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।**



कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान खाटू श्याम एवं राधा-कृष्ण के पूजन-अर्चन तथा मंगलाचरण से किया गया। इस अवसर पर क्लब सदस्य रिंकू प्रजापति ने भगवान कृष्ण एवं एकता पंवार ने राधा की आकर्षक वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात सदस्याओं द्वारा पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं तथा अबीर-गुलाल और पुष्पों के साथ होली उत्सव का आनंद लिया गया।

रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित सदस्याओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि फाग महोत्सव आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ बनाते हैं।



कार्यक्रम में सचिव पायल गुर्जर, कोषाध्यक्ष दिव्या जैन, शिवांगी जैन, पूजा खंडेलवाल, रिंकू प्रजापति, एकता पँवार, प्रियंका नागदा, डिम्पल चान्दना, दीपिका खंडेलवाल, दिशा सैनी, हीना बदलानी, लक्ष्मी शर्मा, पलक खंडेलवाल, चित्रा खंडेलवाल, निकिता पगारिया, पीडीसी संगीता जोशी, इनर व्हील क्लब अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, अलका चड्ढा सहित अन्य सदस्याओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

**एक नजर** | **चोरी किया सामान और वारदात में इस्तेमाल किए गए उपकरण जब्त**

# महाराणा बंगला स्थित दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नीमच।** थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम द्वारा थाना नीमच केंट के अपराध क्रमांक 93/2026 धारा 305(ए), 331(4) बी.एन.एस में आरोपी दिपक को गिरफ्तार कर चोरी किया मश्रुका व चोरी के लिए उपयोगी उपकरण जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।





पुलिस के अनुसार 25 फरवरी को फरियादी सुदीप पिता दौलतसिंह बावेल, उम्र 58 साल, निवासी बंगला नम्बर 45 सीआरपीएफ रोड ने थाना नीमचकेंट उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की मैं उक्त पते पर रहता हुं। मेरी महाराणा बंगले रोडवेज बस स्टेण्ड बी ब्लाक मे दुकान न. 06 उदय इंटर प्राईजेस के नाम से दुकान है। दिनांक 22.02.2026 को रविवार होने से दुकान बंद थी। दिनांक 23.02.2026 के 9.30 बजे सुबह मेरे दुकान पडोसी महेश जी परवानी के द्वारा मुझे फोन कर बताया कि आप की दुकान की दीवार मे होल होकर शटर उचा दिख रहा है सुचना पर मैने दुकान मे जाकर देखा तो दुकान का शटर उंचा होकर दीवार मे होल दिख रहा था, मेने दुकान के अन्दर जाकर देखा तो केश काउंटर पर लगा ताला टुटा पडा है व कैश काउंटर के अन्दर रखे नगदी 5000 रुपये व मेरा आधार कार्ड गायब होकर कागजात बिखरे पडे कोई अज्ञात व्यक्ति रात्रि दिनांक 22.02.2026 की दरमियानी रात्रि मे मेरी दुकान मे होल करके दुकान के अन्दर घुसकर कैश काउंटर के अन्दर रखा मेरा आधार कार्ड व नगदी 5000 रुपये चोरी कर ले गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना नीमचकेंट पर अपराध क्रमांक 93/2026 धारा 305(ए), 331(4) बी.एन.एस का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौराने विवेचना उक्त अपराध में अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु हरसम्भव प्रयास किये जाकर लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे देख अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु मुखबीर मामुर किये गये। बाद दिनांक 25.02.2026 को आरोपी दिपक पिता कुलदीप कश्यप, उम्र 24 साल, निवासी ग्राम टटीयाना सरदेडी, थाना चीका जिला कैथल हरियाणा को गिरफ्तार कर सदर अपराध में पुछताछ करते उक्त आरोपी द्वारा दिनांक 22.02.2026 को महाराणा बंगला स्थित उदय इंटर प्राईजेस दुकान में घुसकर चोरी करना स्वीकार किया गया। जो उक्त आरोपी के कब्जे से चोरी किया मश्रुका नगदी 4000/- रूपये, घटना में चोरी करने हेतु उपयोगी लोहे का सब्बल व एक हथौडी जप्त किये गये है। उक्त आरोपी से अन्य सम्पत्ति संबंधी अपराधों में पुछताछ कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी:- 01. दिपक पिता कुलदीप कश्यप, उम्र 24 साल, निवासी ग्राम टटीयाना सरदेडी, थाना चीका जिला कैथल हरियाणा।